# स्तन कैंसर

## Breast Cancer

Cancer cells are abnormal cells. Cancer cells grow and divide more quickly than healthy cells. Some cancer cells may form growths called tumors. All tumors increase in size, but some tumors grow quickly, others slowly. Cancer cells can spread to other parts of the body through the blood and lymph systems. This is called metastasis.

Breast cancer is when cancer starts in the breast. Breast cancer can be found by mammogram, by a woman feeling a lump or by a doctor's exam. To find breast cancer, it is important to:

- Do monthly self breast exams.
- Have a yearly exam by your doctor if you are over 40. These are done less often for younger women.
- Have a mammogram each year after age 40.

कैंसर वाली कोशिकाएं असामान्य कोशिकाएं होती हैं। कैंसर वाली कोशिकाएं स्वस्थ कोशिकाओं की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ती और विभाजित होती हैं। कैंसर वाली कुछ कोशिकाओं के कारण शरीर के किसी अंग में कोई वृद्धि भी हो सकती है जिसे ट्यूमर कहा जाता है। सभी ट्यूमरों का आकार बढ़ता है, लेकिन कुछ ट्यूमर तेजी से बढ़ते हैं जबकि अन्य धीरे–धीरे बढ़ते हैं। कैंसर वाली कोशिकाएं रक्त और लसिका तंत्रों के जरिए शरीर के अन्य हिस्सों तक भी फैल सकती हैं। इसे मेटास्टैटिस कहा जाता है।

स्तन में कैंसर होना शुरू होने पर स्तन कैंसर होता है। स्तन कैंसर का पता मैमोग्राम से, महिला को गांठ महसूस होने के द्वारा या डॉक्टर की जांच से लगाया जा सकता है। स्तन कैंसर का पता लगाने के लिए, निम्न महत्वपूर्ण हैं:

- मासिक रूप से स्वयं स्तन परीक्षण करें।
- यदि आप 40 वर्ष से अधिक की हैं तो अपने डॉक्टर से वार्षिक जांच कराएं। युवा महिलाओं में ये कुछ अधिक अंतराल में कराई जाती है।
- 40 वर्ष के बाद प्रति वर्ष एक मैमोग्राम कराएं।

## Breast Tissue

A woman's breasts may feel more firm and lumpy before menopause. A woman has less estrogen after menopause, so the breasts feel much softer and less lumpy.

The firm, lumpy tissue can hide a small lump making it hard to feel. By checking your breasts each month, you become familiar with your breast tissue and notice changes. Small lumps can also be found by a mammogram or by a doctor during your exam. Some lumps are so small that only a mammogram can find them.

## स्तन के ऊतक

रजोनिवृत्ति के पहले किसी महिला के स्तन अधिक ठोस और गठीले महसूस हो सकते हैं। रजोनिवृत्ति के बाद महिला में कम एस्ट्रोजेन होते हैं, इसलिए स्तन अधिक नरम और कम गठीले महसूस होते हैं।

ठोस, गठीले ऊतक किसी छोटी गांठ को छुपाकर इसे महसूस करना कठिन बना सकते हैं। प्रत्येक माह अपने स्तनों की जांच करने के द्वारा, आप अपने स्तन के ऊतकों से परिचित हो जाती हैं और इनमें आने वाले बदलावों को जान जाती हैं। कुछ गांठें मैमोग्राम द्वारा या डॉक्टर द्वारा आपकी जांच के दौरान भी पाई जा सकती हैं। कुछ गांठें इतनी छोटी होती हैं कि उनका पता सिर्फ मैमोग्राम द्वारा ही लगाया जा सकता है।

## Tests

If a lump is found, a mammogram or ultrasound will be done. A biopsy is often done to check if the lump is cancer and if so, what type. A biopsy is a procedure to remove tiny pieces of tissue. The samples are then checked by a doctor. If the biopsy finds cancer, more tests may be done to see if the cancer has spread to other parts of your body.

## परीक्षण

यदि किसी गांठ का पता चलता है तो मैमोग्राम या अल्ट्रासाउंड कराया जाएगा। यह जांचने के लिए एक बायोप्सी की जाती है कि क्या वह गांठ कैंसर वाली है और यदि ऐसा है, तो किस प्रकार का कैंसर है। ऊतक के छोटे टुकड़े निकालने की प्रक्रिया बायोप्सी होती है। इसके बाद डॉक्टर द्वारा नमूनों की जांच की जाती है। यदि बायोप्सी में कैंसर का पता चलता है, तो यह देखने के लिए और अधिक परीक्षण किए जा सकते हैं कि कहीं कैंसर आपके शरीर के अन्य हिस्सों में तो नहीं फैला है।

## Types of Treatment

Based on your biopsy results and the type of cancer, you and your doctor will decide the best treatment for your breast cancer. Here are the treatments that may be done:

### Surgery

Surgery is done to remove as much of the cancer as possible. Either the whole breast is removed, called **mastectomy**, or a part of the breast is removed, called **lumpectomy**. With either surgery, lymph nodes under the arm are checked for cancer. You and your doctor may also talk about **reconstruction surgery**. This surgery is done to create the look of a normal breast.

You may still need to have more treatment. Having a mastectomy or lumpectomy does not guarantee that the breast cancer is gone from the entire body. Small cancer cells that are too small to detect may remain in the body.

### Radiation Therapy

When a lumpectomy is done, it is often followed by **radiation therapy**. Radiation therapy is done to treat the entire breast. Radiation therapy often begins 4 to 6 weeks after surgery.

## उपचार के प्रकार

आपके बायोप्सी के परिणामों और कैंसर के प्रकार के आधार पर, आप और आपका डॉक्टर आपके स्तन कैंसर के लिए सर्वोत्तम उपचार का निर्णय करेंगे। जो उपचार किए जा सकते हैं, वे ये हैं:

### शल्यक्रिया

यथासंभव अधिक से अधिक कैंसर को निकालने के लिए शल्यक्रिया की जाती है। या तो पूरा स्तन ही निकाल दिया जाता है, जिसे **मैस्टेक्टॉमी** कहते हैं, या फिर स्तन का एक हिस्सा निकाला जाता है, जिसे **लंपेक्टॉमी** कहते हैं। दोनों में से प्रत्येक शल्यक्रिया में, कैंसर के लिए बांहों के नीचे की लसिका ग्रंथियों की जांच की जाती है। आप और आपके डॉक्टर **पुनर्निर्माण शल्यक्रिया** के बारे में भी बात कर सकते हैं। यह शल्यक्रिया एक सामान्य स्तन जैसा दिखाई देने के लिए की जाती है।

इसके बाद भी आपको और अधिक उपचार कराने की आवश्यकता हो सकती है। मैस्टेक्टॉमी या लंपेक्टॉमी इस बात की गारंटी नहीं देते हैं कि स्तन कैंसर संपूर्ण शरीर से दूर हो गया है। कैंसर वाली छोटी कोशिकाएं शरीर में बची रह सकती हैं जो इतनी छोटी होती हैं कि इनका पता लगाना कठिन होता है।

### विकिरण थेरेपी

लंपेक्टॉमी के पूरा हो जाने के बाद, प्रायः **विकिरण थेरेपी** की जाती है। विकिरण थेरेपी संपूर्ण स्तन का उपचार करने के लिए की जाती है। विकिरण थेरेपी प्रायः शल्यक्रिया के 4 से 6 सप्ताह बाद शुरू की जाती है।

## Hormone Therapy and Chemotherapy

Treatment may be needed to target cancer cells that may be remaining in the body. It may be done before surgery to shrink a tumor or after surgery to kill cancer cells that may have spread or that remain in the body.

- **Hormone therapy** is medicine in pill form taken to work against estrogen in the body. The most common side effect is signs of menopause.
- **Chemotherapy** is medicine given as a pill or in an IV (intravenous) tube in a vein. The medicine kills cancer cells. Common side effects include feeling tired, hair loss and nausea. These side effects are often temporary.

**Talk to your doctor or nurse if you have any questions or concerns.**

## हार्मोन थेरेपी और कीमोथेरेपी

शरीर में बची रह सकने वाली कैंसर की कोशिकाओं को लक्षित करने के लिए उपचार की आवश्यकता हो सकती है। यह शल्यक्रिया से पहले ट्यूमर को संकुचित करने या शल्यक्रिया के बाद शरीर में फैली हो सकने वाली या बची रह सकने वाली कैंसर की कोशिकाओं को समाप्त करने के लिए की जा सकती है।

- **हॉर्मोन थेरेपी** गोली के रूप में दवा है जो शरीर में एस्ट्रोजेन के खिलाफ काम करने के लिए ली जाती है। इसका सर्वाधिक सामान्य दुष्प्रभाव रजोनिवृत्ति के लक्षण होना है।
- **कीमोथेरेपी** में दवा या तो टैब्लेट के रूप में अथवा किसी आईवी (अंतः शिरा) ट्यूब के जरिये दी जाती है। यह दवा कैंसर वाली कोशिकाओं को समाप्त करती है। सामान्य दुष्प्रभावों में थकान महसूस करना, बाल झड़ना और मतली आना है। ये दुष्प्रभाव अक्सर अस्थाई होते हैं।

**यदि आपके कोई प्रश्न या चिंताएं हों तो अपने डॉक्टर या नर्स से बात करें।**

© 2008 - September 19, 2016, Health Information Translations.

Unless otherwise stated, user may print or download information from www.healthinfotranslations.org for personal, non-commercial use only. The medical information found on this website should not be used in place of a consultation with your doctor or other health care provider. You should always seek the advice of your doctor or other qualified health care provider before you start or stop any treatment or with any questions you may have about a medical condition. The Ohio State University Wexner Medical Center, Mount Carmel Health System, OhioHealth and Nationwide Children's Hospital are not responsible for injuries or damages you may incur as a result of your stopping medical treatment or your failure to obtain treatment.